Seminar on Career opportunities in Mining industry

June 16, 2016

प्रभात खबर
रांची, शुक्रवार 17.06.2016 23

बीटेक व डिप्लोमाधारी स्टूडेंट्स के लिए खनन के क्षेत्र में रोजगार

- इक्फाइ विवि में खनन के क्षेत्र में कैरियर की संभावना विषय पर सेमिनार

रांची. इक्फाइ विवि में खनन के क्षेत्र में कैरियर की संभावना विषय पर गुरुवार को सेमिनार का आयोजन किया गया. सीसीएल के महाप्रबंधक एमके मिश्रा ने कहा कि खनन के क्षेत्र में अब लड़कियों के लिए भी रोजगार के अवसर बन रहे हैं. सीएमपीडीआइ के महाप्रबंधक प्रदीप कुमार ने बताया कि कोल इंडिया की अगले चार साल में कोयला उत्पादन 536 लाख टन से बढ़ा कर 2020 तक दोगुना करीब एक अरब टन करने की योजना है. इसमें रोजगार की असीम संभावनाएं हैं. सेल के महाप्रबंधक एके पाल ने छात्रों को कंप्यूटर विज्ञान के क्षेत्र में रोजगार की जानकारी दी. सीसीएल के उप महाप्रबंधक एससी विश्वकर्मा ने कहा कि सीसीएल का आधुनिकीकरण हो रहा है. इसलिए बीटेक के सभी ब्रांचों के स्टूडेंट्स के लिए रोजगार के अवसर हैं. इससे पूर्व विवि के कुलपति प्रो ओआरएस राव ने आगंतुकों का स्वागत करते हुए कहा कि झारखंड देश का सबसे बड़ा खनन राज्य है. यहां सार्वजनिक व निजी कंपनियों का खनन क्षेत्र है. इस क्षेत्र में खनन ब्रांच में बीटेक या डिप्लोमा किए हुए छात्रों के रोजगार की संभावना बढ़ गयी है. प्रो राव ने बताया कि इस वर्ष तक दो हजार रोजगार डिप्लोमा व एक हजार रोजगार बीटेक के विद्यार्थियों के लिए कोल इंडिया में संभावित हैं. इस मौके पर एएम प्रसाद, मदन प्रसाद, प्रो एससी स्वेन और प्रो अरविंद कुमार आदि मौजूद थे.

रांची, शुक्रवार 17 जून, 2016 5
दैनिक भास्कर

न्यूज ब्रीफ

इक्फाई यूनिवर्सिटी में खनन में रोजगार की संभावना पर सेमिनार का आयोजन

रांची | इक्फाई विवि में गुरुवार को खनन के क्षेत्र में रोजगार की संभावना विषय पर सेमिनार हुआ। मौके पर वीसी प्रो. ओएस राव ने कहा कि खनन क्षेत्र में सबसे अधिक कंपनियां आ रही हैं। इसमें सार्वजनिक व निजी क्षेत्र की कंपनियां हैं। इस कारण खनन क्षेत्र में रोजगार के अवसर अधिक हैं। सीसीएल के महाप्रबंधक एमके मिश्रा ने कहा कि आनेवाले दिनों में खनन के क्षेत्र में लड़कियों को भी रोजगार मिलेगा। मौके पर एससी विश्वकर्मा, प्रदीप कुमार, विवि के एसोसिएट डीन प्रो. एएस प्रसाद, मदन प्रसाद, प्रो. अरविंद कुमार ने भी विचार रखे।

संक्षिप्त

इक्फाई विवि में सेमिनार

रांची : इक्फाई विश्वविद्यालय में खनन क्षेत्र में भविष्य निर्माण की संभावना विषय पर गुरुवार को सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में सीसीएल व सीएमपीडीआई के वरिष्ठ प्रबंधकों ने अपने विचार व्यक्त किये। सीसीएल के महाप्रबंधक एमके मिश्रा ने कहा कि खनन क्षेत्र में अब लड़कियों के लिए भी रोजगार के अवसर बन रहे हैं।

सीसीएल के उपमहाप्रबंधक एससी विश्वकर्मा ने कहा कि सीसीएल का आधुनिकीकरण हो रहा है, इस वजह से बीटेक के विद्यार्थियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। सीएपीडीआई के महाप्रबंधक प्रदीप कुमार ने कहा कि कोल इंडिया अगले चार साल में कोयले का उत्पादन दोगुना करने की योजना पर कार्य कर रहा है। सेल के महाप्रबंधक एके पाल ने भी रोजगार के अवसर पर अपने विचार व्यक्त किये। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो ओआरएस राव ने कहा कि झारखंड देश का सबसे बड़ा खनन राज्य है। यहां सार्वजनिक एवं निजी कंपनियां खनन क्षेत्र में कार्य कर रहीं हैं। इस वजह से खनन के क्षेत्र में रोजगार की यहां काफी संभावना है। इसी को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय की ओर से खनन ब्रांच में बीटेक व डिप्लोमा कोर्स की पढ़ाई शुरू की गयी है।

शुक्रवार, 17 जून 2016
हिन्दुस्तान

'खनन क्षेत्र में बनाएं करियर'

रांची। ईक्फाई विवि में गुरुवार को एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इसका विषय था खनन क्षेत्र में छात्रों के लिए करियर की संभावनाएं। कुलपति प्रो ओरआरएस राव ने कहा कि झारखंड देश का सबसे बड़ा खनन राज्य है। ऐसे में बीटेक और डिप्लोमा किए छात्रों के लिए अपार संभावनाएं हैं। सीसीएल के उपमहाप्रबंधक एससी विश्वकर्मा ने कहा कि सीसीएल का आधुनिकीकरण होने जा रहा है।

लड़कियों के लिए हैं संभावना: सीसीएल के ही उपमहाप्रबंधक एमके मिश्रा ने कहा कि इस क्षेत्र में लड़कियों के लिए भी समान अवसर हैं। सीएमपीडीआई के महाप्रबंधक प्रदीप कुमार ने कहा कि कोल इंडिया अगले चार साल में उत्पादन दोगुणा करने जा रही है। यह सलाना 536 लाख टन से एक अरब टन सलाना होना है। ऐसे में स्वतः अंदाजा लगाया जा सकता है कि कितने जॉब आनेवाले हैं। मौके पर सेल के महाप्रबंधक एके पाल, ईक्फाई विवि के प्रो एएस प्रसाद, मदन प्रसाद, प्रो डॉ एससी स्वेन, प्रो अरविंद कुमार सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं मौजूद रहे।